
LAURIE BAKER

Sketching a master builder cluelessly

E. P. UNNY

लॉरी बेकर

एक कुशल आर्किटेक्ट के कार्य के अनबूझे स्केच





ई. पी. उन्नी


COSTFORD


LAURIE BAKER CENTRE


Other titles in the series























Laurie Baker

Sketching a master builder cluelessly

E.P. UNNY

लॉरी बेकर

एक कुशल आर्किटेक्ट के कार्य के अनबूझे स्केच

ई. पी. उन्नी

हिंदी: अरविन्द गुप्ता

COSTFORD

LAURIE BAKER CENTRE FOR HABITAT STUDIES

Laurie Baker: Sketching a master builder cluelessly

E. P. UNNY

Sketches and writing by E.P. Unny
Commentaries on sketches by P.B. Sajan and Shailaja Nair
Front cover : Sketch of LBC Admin. office by E P Unny
Back cover : Sketch of LBC Dormitory by E P Unny

English
Writing & Sketches

Price : Rs. 50/-

First published
March 2017
Published by
COSTFORD and **LBC**

Foreword

Metaphorically speaking, if the pen is like a sword in the hands of a writer, what is a pencil in the hands of a cartoonist? Few would argue that the pencil has often proved to be sharper than the pen. E.P. Unny, one of India's foremost political cartoonists, has been providing us through his 'Business as Usual' pocket-book cartoons in The Indian Express his reflections on contemporary India's trials and tribulations on a daily basis. However, Unny also uses his pencil for sketching people, places and creations in myriad fields often combining with scripts that are as sharp as his sketches.

Here Unny provides us with his sketches of buildings choreographed by Laurie Baker, who was also a cartoonist. The sketches are mostly, but not only, of buildings at the Laurie Baker Centre for Habitat Studies (LBC) with which Unny is associated. At our request, Unny also added two early creations of Laurie Baker - the residence of K.N. Raj and the main building of the Centre for Development Studies - as well as the buildings of the SEWA Training Centre, located next to the LBC.

We at the LBC wanted Unny to sketch the buildings as part of our efforts to document this Bakerian legacy and to disseminate to our vast constituency of students of architecture across the country and beyond. We record our gratitude to Unny for this contribution.

Along with our sister institution, the Centre of Science and Technology for Rural Development (known as COSTFORD), we have great pleasure in publishing this book on the occasion of the "birth anniversary of our master Laurie Baker.

K. P. Kannan, Chairman

Laurie Baker Centre for Habitat Studies and
Centre of Science and Technology for Rural Development

2nd March 2017

प्रस्तावना

मुहावरे की भाषा में कहें तो, लेखक के हाथों में पेन एक तलवार की तरह होती है, तो फिर एक कार्टूनिस्ट के हाथों में पेंसिल क्या होगी? कुछ लोग इस बात को दोहराएंगे कि कार्टूनिस्ट की पेंसिल की नोक अक्सर पेन से तेज होती है. ई. पी. उन्नी, भारत के प्रमुख राजनीतिक कार्टूनिस्टों में से एक हैं. वे रोजाना "द इंडियन एक्सप्रेस" में अपने "बिजनेस एस यूज्युअल" पॉकेट-बुक कार्टून्स के माध्यम से समकालीन भारत की चुनौतियों और संघर्षों पर अपने विचार प्रकट करते हैं. हालांकि, उन्होंने अक्सर अपनी पेंसिल का उपयोग लोगों जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं, और स्थानों और रचनाओं को स्केच करने के लिए भी किया है. वे अक्सर उन्हें अपने ज़ोरदार स्केचेज का निशाना बनाते हैं.
यहां पर उन्नी ने लॉरी बेकर द्वारा बनाई कुछ इमारतों को स्केच किया है. लॉरी बेकर खुद भी एक कार्टूनिस्ट थे. यहाँ पर स्केचेज अधिकांश, लॉरी बेकर सेंटर फॉर हैबिटेट स्टडीज (एलबीसी) की इमारतों के हैं जिससे उन्नी लम्बे समय से जुड़े रहे हैं. हमारे अनुरोध पर, उन्नी ने लॉरी बेकर की दो पहली इमारतें भी जोड़ीं - के. एन. राज का निवास और सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज की मुख्य इमारत - साथ ही उन्होंने एलबीसी के साथ लगे SEWA केंद्र की इमारतें भी जोड़ीं.
एलबीसी में हम बेकर की इस विरासत को दर्ज़ करना चाहते थे और इसे देश-विदेश में बिखरे विशाल छात्रों के समूह के साथ साझा करना चाहते थे. उस कार्य के लिए हमने उन्नी से इमारतों के स्केच बनवाए. हम इस योगदान के लिए उन्नी की आभारी है. अपनी बहन संस्था, जो कोस्टफोर्ड के रूप में जानी जाती है के साथ मिलकर हमें अपने शिक्षक - लॉरी बेकर के जन्म दिवस पर इस पुस्तक को प्रकाशित करते हुए बहुत खुशी हो रही है.

के. पी. कन्नन

अध्यक्ष लॉरी बेकर केंद्र फॉर हैबिटेट स्टडीज और COSTFORD

2 मार्च 2017

Laurie Baker: Sketching a master builder cluelessly

You can see a fine critique of British architecture in the work of Osbert Lancaster. Progress at Pelvis Bay and Drayneflete Revealed are books of his that show how small market towns of England got built and rebuilt over the decades, often mindlessly. Neither architect nor town planner, Lancaster was London's celebrity cartoonist who pioneered and popularised the single column pocket cartoon in Daily Express through 40 years from 1939.

A published cartoonist himself, Laurie Baker could have rivalled Lancaster. There was no dearth of material. Far from Birmingham where he was born, Baker spent most of his life in a Kerala in the throes of a building boom that pretty much ate up the landscape. Wasteful public spending and hard earned personal incomes together drove an explosion of eyesores in one of the best looking spots on the planet.

Baker did touch upon aberrated architecture in the occasional cartoon but didn't lampoon townscapes on Lancaster's scale. Instead, he chose to build differently. "With missionary zeal", his acolytes would chip in. Not quite. You can't sustain mission mode for decades. More, the cartoonist within was far from dormant to let passion rule.

Adept at sourcing and tweaking any resource at hand, Baker put his note pad too to good use. Associates recall how 'Bakerji doodled even as he sat through mandatory meetings to bring the much-needed relief to the officialese in the air. More functionally, he would pull cut bis pen in the middle of his presentation to do a quick sketch that advanced the thought. Come to think of it, this is what the word cartoon' originally meant - a rough drawing artists made to model finer art work. Only, the cartoonish sketch here did much more. It blueprinted living spaces

Built brick by brick into the elements, these spaces hold like a float in the air. You can see visitors to the Baker-built Centre for Development Studies, some hard headed economists and social scientists, gaze at the bare brick work and break into poetry. Photographers and cinematographers have famously followed the play of light through these signature arches and apertures as the day wore on. Words and tones can tell the Baker story. Not so easy when you are working with mere lines.

Try and. sketch the simplest of Baker structures and you sweat. Forget the towering facades that mark and the airy atriums that open up institutional spaces. Even the mere one room, units you sight as you enter the Laurie Baker Centre don't quite yield to the sketch pen. Masonry seems to have sprung up like wild growth, almost organically in the abandoned quarry that houses the centre. You stand and stare wondering where the horizon line has vanished.

You follow the bending roof, the curving wall and the terraced floor cluelessly hoping the ensuing scrawl would somehow bear decent resemblance to the object in view. Things take a different turn when a team of architecture students from Chandigarh descends. Some click pictures, some amble along, some run up and down the stairways and a couple of them blends into a sit out originally meant as an open kitchen. These young men and women just walked in and belonged. And here you are, still negotiating with Baker-scape. Perhaps these spaces are built to be lived in and not sketched out. Even so sheer practice should help. After 21 drawings through three full days and a half, you are no wiser. Mot that there is any mystique out here. It is just that this impish architect offers no easy patterns. Even motifs recur suitably improvised. Structures unfold like a raga, with much cohesion and no notation. More than the architect and the artist, perhaps the musician will appreciate this master builder.

E. P. UNNY

2nd December 2016

लॉरी बेकर: एक कुशल आर्किटेक्ट के कार्य के अनबूझे स्केच

आप ओस्बर्ट लैंकास्टर के काम में ब्रिटिश वास्तुकला की एक श्रेष्ठ समालोचना देख सकते हैं. "प्रोग्रेस ऐट पेल्विस बे" और "ड्रेनफ्लेट रिवील्ड" उनकी पुस्तकें हैं जो दिखाती हैं कि दशकों के दौरान इंग्लैंड के छोटे बाजार और शहर कैसे बने, टूटे और पुनः निर्मित हुए, अक्सर सोचे-समझे बिना. लैंकास्टर न कोई वास्तुकार और न ही सिटी-प्लानर थे, लेकिन वे लंदन के एक प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट थे जिन्होंने 1939 से लेकर 40 वर्षों तक "डेली एक्सप्रेस" के लिए कार्टून स्तंभ बनाए जो बहुत लोकप्रिय हुए.
एक कार्टूनिस्ट की हैसियत से लॉरी बेकर, लैंकास्टर का मुकाबला ज़रूर कर सकते थे. उनके पास सामग्री की कोई कमी नहीं थी. बेकर बहुत दूर बर्मिंघम में पैदा हुए लेकिन उन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा केरल में बिताया जहां पर तेजी से बढ़ती इमारतों की आबादी ने लगभग पूरी ज़मीन को निगल डाला था. फज़ूल सरकारी खर्च और लोगों की बेइंतहा आमदनी से शुरू हुए इस बिल्डिंग-बूम ने दुनिया के एक सबसे सुन्दर इलाके को बेहद भद्दा और बदसूरत बना दिया.
बेकर ने कभी-कभी अपने कार्टून्स में असंगत और गलत वास्तुकला का ज़िक्र ज़रूर किया, लेकिन लैंकास्टर की तरह नगरों की हंसी और खिल्ली नहीं उड़ाई. उसकी बजाए, बेकर ने अलग तरीके से निर्माण करना शुरू किया. "मिशनरी उत्साह के साथ", उनके अनुयायी तुरंत कहेंगे. बिल्कुल नहीं. आप दशकों तक अपने मिशनरी उत्साह को बनाए नहीं रख सकते हैं. और इससे भी अधिक, बेकर के अंदर का कार्टूनिस्ट ज़िंदा था और वो उनके मिशनरी उत्साह को हावी नहीं होने देता था.
ईंट-दर-ईंट बने हुए यह घर, आकाश में तैरते हुए लगते थे. आप इसे स्पष्ट रूप से सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज में और बेकर द्वारा बनाई गई अन्य इमारतों में देख सकते हैं. आप कुछ प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों और समाज वैज्ञानिकों, नंगी ईंटों की चिनाई और नमूनों पर गौर करते हुए और अपने ज़ज़्बातों को कविता में व्यक्त होते देख सकते हैं. फोटोग्राफर्स और सिनेमेटोग्राफर्स ने बेकर की मीनारों और जालीदार दीवारों पर प्रकाश के खेल को, निहारते हुए अपना पूरा दिन बिताया होगा. शब्दों और ध्वनियों द्वारा बेकर की कहानी को बताया जा सकता है. जब आप केवल रेखाओं के साथ काम कर रहे हो तो यह काम इतना आसान नहीं होगा.

लॉरी बेकर की सबसे सरल संरचनाओं का स्केच बनाते समय भी आप पसीने से तर-बतर हो जाएंगे. विस्तारित खुले आंगनों वाले टावरिंग फसाड को भूल जाइए जो अक्सर संस्थागत प्रवेश द्वारों पर होते हैं. यहां तक कि जब आप लॉरी बेकर सेंटर में प्रवेश करेंगे तो दिखाई देने वाला छोटा एक कमरा भी आप अपने स्केच पेन से नहीं बना पाएंगे. लगता है जैसे सेंटर की इमारतें उस वीरान पत्थर की खादान में हों, और वो किसी जंगली वृद्धि के रूप में लगभग स्वाभाविक रूप उग आई हों.

बेकर की वास्तुकला - टेढ़ी-मेढ़ी दीवारों और छत का जो सबसे अच्छा स्केच आपने बनाया है क्या वो चित्र, वास्तविकता से कुछ मेल खाता है? लेकिन स्थिति कुछ अलग मोड़ लेती है जब चंडीगढ़ से आर्किटेक्चर छात्रों का एक ग्रुप आता है. कुछ तस्वीरें लेते हैं, कुछ धीमे-धीमे चलते हैं, कुछ सीढ़ियों पर चढ़ते-उतरते हैं और फिर वे वहां उस स्थान पर बैठ जाते है जो मूल रूप से एक खुले रसोई थी. ये युवा पुरुष और महिलाएं बस आए और वहां के हो गए. और यहाँ आप हैं जो अब भी बेकर-स्केप के साथ मगज़ मार रहे हैं. शायद वे सब इमारते लोगों के रहने के लिए होंगी, स्केच करने के लिए नहीं. फिर भी बरसों का सटीक अभ्यास मदद कर सकता है. साढ़े तीन पूरे दिनों में 21 स्केच बनाने के बाद भी आप कोई बड़े बुद्धिमान नहीं बनेंगे. यहाँ कुछ भी गोपनीय नहीं है. बस यह है कि यह चतुर आर्किटेक्ट आपको कोई आसान पैटर्न बनाने नहीं देता है. यहाँ के नमूने और पैटर्न भी यथासंगत जुगाड़ करके ही बनाये गए हैं. यहाँ की संरचनाएं किसी राग की तरह खुलती हैं, जिसमें बहुत अधिक एकाग्रता के अलावा कोई शब्द नहीं होता है. किसी आर्किटेक्ट या आर्टिस्ट से अधिक, शायद कोई संगीतकार इस मास्टर बिल्डर की सराहना बेहतर कर पाए.

ई. पी. उन्नी

2 दिसम्बर 2016



1. K. N. Raj's residence

K.N. Raj, one of India's renowned economists and public intellectuals, got a house designed and built by Laurie Baker in 1971 in Trivandrum before he decided to invite him to build the Centre for Development Studies. The house has a total area of around 4,470 sq. ft. and the total expenditure amounted to Rs.60 thousand.

के. एन. राज का निवास

के. एन. राज, भारत के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और एक पब्लिक इंटेलेक्चुअल, ने 1971 में लॉरी बेकर से तिरुवनंतपुरम में अपने घर का डिज़ाइन करवाया और बनवाया था. उसके बाद उन्होंने बेकर को सेंटर फॉर डेवलेपमेंट स्टडीज का निर्माण करने के लिए निमंत्रण दिया. उनके घर का कुल क्षेत्रफल लगभग 4,470 वर्ग फुट था और निर्माण में कुल खर्च लगभग 60 हजार रुपये आया था.



2. Centre for Development Studies (CDS)

The CDS is the first institutional complex designed and built by Laurie Baker. The then Chief Minister C. Achutha Menon played a catalytic role in sanctioning this building proposal by overcoming the objections of the Public Works Department. Through the creation of the CDS, three outstanding personalities - C. Achutha Menon, K.N. Raj and Laurie Baker - came together to form a formidable team in presenting Kerala with an alternative vision in cost-effective and environment-friendly architecture and building construction. This sketch shows the main building and the Library Tower.

सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज (सीडीएस)

सीडीएस लॉरी बेकर द्वारा डिज़ाइन और निर्मित पहली संस्थागत संरचना थी. तब के मुख्यमंत्री सी. अच्युथ मेनन ने पी.डब्लू.डी. की आपत्तियों को दरकिनार कर इस इमारत को स्वीकृति देने में एक प्रमुख भूमिका निभाई. सीडीएस के निर्माण के दौरान सी. अच्युथ मेनन, के. एन. राज और लॉरी बेकर - तीन अद्वितीय लोगों की एक शक्तिशाली टीम बनी जिसने केरल को कम-लागत और पर्यावरण-मित्र वास्तुकला द्वारा इमारतों के निर्माण में एक विकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया. इस स्केच में मुख्य इमारत और लाइब्रेरी टावर दिखाया गया है.

Laurie Baker Centre for Habitat Studies (LBC)

Most sketches in this booklet are about the LBC. These buildings, except a couple of them, are the last designs of Laurie Baker. The set of main buildings that constitute the LBC campus were built under his guidance during the period 1996 to 2000. It was originally built for an organization called 'Navyatra' conceptualized and run by Kieth Saldhanah, a friend of Baker, which was later purchased by the LBC with the help of a grant from the Government of Kerala. The LBC is dedicated to the advancement of research, training and dissemination in the making of a Green Habitat that was at the heart of Laurie Baker's philosophy and work.

लॉरी बेकर हैबिटेट स्टडीज केंद्र (एलबीसी)

इस बुकलेट में अधिकांश स्केच एलबीसी के बारे में हैं. इन में से कुछ इमारतें, लॉरी बेकर के आखिरी डिज़ाइन थे. एलबीसी कैम्पस की प्रमुख इमारतों का सेट उनके मार्गदर्शन में 1996 से 2000 के दौरान बनाया गया था. उन्हें मूल रूप से 'नवयात्रा' नामक संगठन के लिए बनाया गया था, जिसकी स्थापना और संचालन लॉरी बेकर के दोस्त कीथ सलधाना ने की थी. बाद में एलबीसी ने केरल सरकार की सहायता से उसे खरीद लिया. एलबीसी का मिशन है हरित आवास बनाने में अनुसंधान, प्रशिक्षण और प्रसार को बढ़ावा देना, जो लॉरी बेकर के दर्शन और काम के मूल में था.




3. LBC entrance

The entrance to LBC campus is bounded by an undulating com-pound wall with niches containing its name in Malayalam and English.

एलबीसी का प्रवेश द्वार

एलबीसी कैम्पस का प्रवेश एक लहरदार संयुक्त दीवार है, जिसमें मलयालम और अंग्रेजी में उसका नाम लिखा हुआ है.





4. Watchman's Cabin

The single watchman's cabin, an eye-shaped building, is set away from the entrance. Outside are seats inviting passersby to linger.

चौकीदार का केबिन

चौकीदार केबिन का डिज़ाइन आंख की आकृति का है, प्रवेश द्वार से दूर स्थित है. यहाँ पर बाहर सीटें हैं जो आने वाले लोगों को बैठने के लिए आमंत्रित करती हैं.

5. Waiting Shed

Originally conceived as a bandstand, this construction on the way to the main buildings of the campus acts as a waiting or resting place for students and visitors. The roof is made of untreated bamboo and cement plaster.

रुकने का शेड

प्रारंभ में एक बैंडस्टैंड के रूप में सोचा गया यह शेड कैम्पस की मुख्य इमारतों की ओर जाने के रास्ते पर एक प्रतीक्षा या विश्राम स्थान के रूप में उपयोग किया जाता है. इसकी छत को बांस और सीमेंट के प्लास्टर से बनाई गई है.




6. Dormitory Building

This building with curvilinear walls houses dormitories and guest rooms. The curved roof rises to include a side-open lecture hall.

डारमेट्री बिल्डिंग्स

इस इमारत में वक्राकार दीवारों वाले कमरे डॉर्मेट्रीज़ और मेहमानों के लिए है. वक्राकार छत के एक ओर एक खुला लेक्चर हॉल भी है.




7. Dormitory details

The many built-in furniture including seats and bunk beds are a feature of the dormitory block.

डारमेट्री का विस्तृत विवरण

डॉर्मेट्री ब्लॉक की विशेषताओं में इन-बिल्ट फर्नीचर, सीटें और बंक-बेड्स आदि शामिल हैं.





Dormitory details

Bunk beds in the dormitory.

डारमेट्री

डॉर्मेट्री में बंक-बेड्स.

8. Dining Hall

The curvilinear dining hall with its undulating roof ends in a kitchen which nestles into the hill side.

डाइनिंग हॉल

वक्राकार डाइनिंग हॉल की लहरदार छत है और इसके सिरे के अंत में किचन में है जो पहाड़ी के पास स्थित है.





9. Administrative Block ground floor

A sit-out welcomes one into a single room office, currently occupied by the Chairman, at the lower level of the administrative block.

प्रशासनिक ब्लॉक ग्राउंड फ्लोर


एक सिट-आउट मेहमानों का एक सिंगल कमरे वाले कार्यालय में लोगों का स्वागत करता है, जो प्रशासनिक ब्लॉक के निचले स्तर पर स्थित है. वर्तमान में यह चेयरमैन का कमरा है.


10. Administrative Block first floor

A winding path leads to the upper storey of the administrative block where there is an informal open discussion area leading from an office area.

प्रशासनिक ब्लॉक पहली मंज़िल

एक लहरदार मार्ग लोगों को प्रशासनिक ब्लॉक के पहली मंज़िल तक ले जाता है जहां कार्यालय क्षेत्र के बाहर चर्चा के लिए एक अनौपचारिक खुला क्षेत्र भी है.





12. View to valley

The **discussion** area in the administrative block overlooks the valley with a view of the organic farming patches and the hands-on training shed.

12. **घाटी की ओर दृश्य**

प्रशासनिक ब्लॉक में चर्चा-क्षेत्र का मुंह घाटी की ओर है, जहां आप जैविक खेती के टुकड़े और हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण शेड देख सकते हैं.

11. View from the sit-out

A view of the sit-out from the discussion area.

बैठने की स्थल से दृश्य

चर्चा क्षेत्र से बैठने वाले स्थल का दृश्य.




13. Summer school building

The result of training conducted during the annual Summer School programme, this building is a combination of brick, mud and bamboo symbolizing the movement to more sustainable building materials. An example of taking the Baker legacy to more environment-friendly buildings.

समर स्कूल की इमारत

वार्षिक समर स्कूल कार्यक्रम के दौरान दिए गए प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप, यह इमारत ईंट, मिट्टी और बांस से बनी है जो अधिक सस्टेनेबल इमारती मटेरियल की दिशा में एक कदम है. बेकर की विरासत को पर्यावरण-मित्र इमारतों की दिशा में ले जाने का यह एक अच्छा उदाहरण है.



14. Guest house

Water harvesting tanks flank the way to the Guest House which is reached by steps leading upward from the administrative block. The guest rooms and a living room are built around a central courtyard.

अतिथि गृह

बारिश के पानी को इकट्ठे करने वाले टैंक, अतिथि गृह के रास्ते में हैं. आप प्रशासनिक ब्लॉक से ऊपरी सीढ़ियों के रास्ते से होकर उन तक जा सकते हैं. अतिथियों के कमरे और एक रहने के कमरे केंद्रीय आंगन के चारों ओर बनाए गए हैं.



16. In contemplation

A Visitor sitting in the common area in the Guest House.

विचारों में मग्न

एक मेहमान अतिथि गृह के सामान्य क्षेत्र में बैठा हुआ है.



15. Visiting architecture students

Students taking a break during the hands-on session.

दौरे पर आए आर्किटेक्चर स्टूडेंट्स

हैंड्स-ऑन सत्र के बीच में छुट्टी के समय छात्र.




17. Rain water harvesting tank and Lookout tower

Located at the highest point in the campus. Above the tank is a viewing area which can also double as a space for meditation or yoga practice.

वर्षा जल इकठ्ठा करने का टैंक और लुक-ऑउट टावर

वो कैंपस में सबसे ऊँची जगह पर स्थित है. टैंक के ऊपर एक खुला इलाका है जो ध्यान या योग करने के काम भी आ सकता है.



8. LBC Documentation Centre (ongoing construction)

This building will house the documentation office of LBC. Initially works of Laurie Baker and COSTFORD will be documented, followed by similar initiatives. Walls are built with split bamboo being left exposed on the exterior and the interior is wattle and daub. The floors and roof are made of bamboo and mud. This is another **example** of taking forward the Baker legacy to more environment-friendly and cost-effective buildings. [This building is being built under the Member of Parliament's Local Area Development Scheme of Dr. T.N. Seema (Member of Rajya Sabha)].

LBC डॉक्यूमेंटेशन सेंटर (चल रहा निर्माण)

इस इमारत में LBC का डॉक्यूमेंटेशन सेंटर बनेगा. सबसे पहले लॉरी बेकर और कॉस्टफोर्ड के काम को डॉक्यूमेंट किया जाएगा, और फिर इस प्रकार की अन्य पहल की जाएंगी. यहाँ पर दीवारें बाहर से बांस के साथ बनाई गई हैं और अंदर का भाग वॉटल और डॉब है. फर्श और छत बांस और मिट्टी के बने हैं. यह भी बेकर विरासत को और पर्यावरण-मित्र एवं कम-लागत की इमारतों की दिशा में ले जाने का एक अन्य उदहारण है. [यह इमारत डॉक्टर टी. एन. सीमा (राज्य सभा सदस्य) के स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत बन रही है].



SEWA (Self Employed Women's Association) Rural Centre, Vilappilsala

The SEWA Centre is located adjacent to the LBC. This was also designed and built by Laurie Baker. Facilities available here are also utilized by LBC for its training programmes.

SEWA (सेल्फ एम्प्लॉयड विमेंस एसोसिएशन) ग्रामीण केंद्र, विलप्पिल्सला


SEWA केंद्र एलबीसी के समीप स्थित है. इसे भी लॉरी बेकर ने डिज़ाइन किया और बनाया था. यहां पर उपलब्ध सुविधाएं भी एलबीसी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए उपयोग की जाती हैं.

19. SEWA - A view from the road

The office building and lecture hall with a water harvesting pool in the foreground can be seen from the approach road. Though they look like single storey buildings, they each have a storey below.

SEWA - सड़क की ओर से एक दृश्य

पहुंच रोड से आप कार्यालय की इमारत, लेक्चर हॉल और एक पानी इकठ्ठा करने वाले तालाब के साथ देख सकते हैं. वैसे ये एक-मंजली इमारत की तरह दिखती है, लेकिन यहाँ हरेक के नीचे एक मंजिल है.




20. Lecture Hall at SEWA

One approaches the lecture hall through an arch cut out from the arch-shaped roof of the office building which comes down all the way to the ground. Steps to the left lead down to a dining hall and kitchen below it.

SEWA में लेक्चर हॉल

आपको लेक्चर हॉल की ओर एक मेहराब (आर्च) के नीचे से होकर जाना होगा. वो मेहराब नीचे ज़मीन तक जाती है. बाईं ओर की सीढ़ियां डाइनिंग हॉल और उसके नीचे स्थित किचिन तक जाती हैं



21. Dormitory

The two storied dormitory accommodating 75 persons follows the slope of the site.

डॉर्मिटोरी

डॉर्मिटोरी दो मंज़िली है। उसमें 75 लोग रह सकते हैं। डॉर्मिटोरी में कमरे वहां के ढाल के साथ-साथ हैं।



E.P. Unny

E. P. Unny went to school and college in Palakkad, Kerala. After graduating in Physics and a brief stint as banker, he joined cartooning in 1977 as Staff Cartoonist with The Hindu in Chennai. Afterl2 years he migrated to Delhi to join The Sunday Mail and went on to work for The Economic Tim.es from 1993 to 1996 when he joined The Indian Express where he is the Chief Political Cartoonist. He has penned and sketched the following books: Spices & Souls: A Doodler's Journey through Kerala, a pictorial travel book in English brought out by DC Books Kottayam, 2001; Language, Landscape & Livelihoods, Sketches & notes on Five Drought-prone Districts of Andhra Pradesh, a visual audit of drought-hit districts brought out by the Programme Support Unit, Andhra Pradesh Rural Livelihoods Programme, 2003; Business As Usual: Journey of the Indian Express Cartoonist, A collection of cartoons published in The Indian Express from 1996 - 2009, Rupa & Co., 2009

and Santa and the Scribes : The Making of Fort Kochi, Niyogi Books, New Delhi, 2014. He authored a couple of graphic narratives: Free India, a graphic novel in the Sunday edition of the Indian Express. 2007 and Of Ghosts and Writers : A Graphic Story published in Present Tense, Living on the Edge, Writers' Retreat II, Landour, Mussoorie, Roli Books. 2004.

Unny has also published occasional graphic shorts in Malayalam. He also done life sketches of people and places extensively across the country. Currently he is sketching for a book on Tamil Brahmins in Kerala researched and written by M. K. Das, one of the distinguished senior journalists and former Editor (Kerala) of The Indian Express.

Unny's work has featured at the Asian Cartoonists Conference in Tokyo (1996) and at the International Cartoon Festival in Carquefou, France (2006).

In 2009, Unny won the Lifetime Achievement Award of The Indian Institute of Cartoonists.

He is an Honorary Fellow at the Laurie Baker Centre for Habitat Studies, Thiruvananthapuram.


ई. पी. उन्नी पलक्कड़, केरल में स्कूल और कॉलेज गए. भौतिकी में स्नातकोत्तर करने के बाद और कुछ समय तक एक बैंकर के रूप में काम करने के बाद, उन्होंने 1977 में कार्टूनिस्ट के रूप में 'द हिन्दू' चेन्नई में स्टाफ कार्टूनिस्ट के रूप में कार्य करना शुरू किया. 12 साल बाद वह दिल्ली में "संडे मेल" से जुड़े और 1993 से 1996 तक उन्होंने "इकोनॉमिक टाइम्स" में काम किया. उसके बाद उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस में काम करने का फैसला लिया, जहां वह मुख्य राजनीतिक कार्टूनिस्ट हैं. उन्होंने निम्नलिखित पुस्तकों को लिखा और स्केच किया है: "Spices & Souls: A Doodler's Journey through Kerala", को 2001 में DC Books Kottayam द्वारा प्रकाशित किया गया. "Language, Landscape & Livelihoods", 2003 में प्रोग्राम सपोर्ट यूनिट, आंध्र प्रदेश रूरल लिवलीहुड्स प्रोग्राम, आंध्र प्रदेश के पांच सूखा ग्रस्त इलाकों के स्केच और नोट्स का एक विजुअल ऑडिट है; "Business As Usual: Journey of the Indian Express Cartoonist, 1996-2009" में Rupa & Co. द्वारा प्रकाशित उनके कार्टूनों का संग्रह है.


उन्नी ने "Santa and the Scribes : The Making of Fort Kochi," पुस्तक लिखी जिसे नियोगी बुक्स, नई दिल्ली ने 2014 में छापा. उन्होंने कुछ ग्राफिक कथाएँ भी लिखी हैं: "Free India", इंडियन एक्सप्रेस के संडे संस्करण में एक ग्राफिक उपन्यास, 2007 में; और "Of Ghosts and Writers : A Graphic Story" है, "Living on the Edge", "Writers' Retreat II", "Landour, Mussoorie" को रोली बुक्स, ने 2004 में छापा है.


उन्नी ने मलयालम में कुछ छोटे ग्राफिक लेख भी लिखे हैं. वह देशभर में लोगों के जीवन और स्थानों के स्केचेस बनाते रहे हैं. वर्तमान में उन्होंने केरल में तमिल ब्राह्मणों पर एक पुस्तक के लिए स्केचिंग की है, जिसे एम. के. दास ने अनुसंधान के बाद लिखा है. एम. के. दास एक प्रमुख वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन एक्सप्रेस के पूर्व संपादक (केरल) थे.


एशियाई कार्टूनिस्ट कांफ्रेंस टोक्यो (1996) और इंटरनेशनल कार्टून फेस्टिवल कार्कफू, फ्रांस (2006) में उन्नी के काम को शामिल किया है. 2009 में, उन्हें इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कार्टूनिस्ट्स का लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिला. वह थिरुवनंतपुरम के लॉरी बेकर सेंटर फॉर हैबिटेट स्टडीज़ में एक गैर-नामजद ओनरेरी फेलो भी हैं.

Other titles in the series










CDS Masterpiece of a Master Architect



What is an Architect?

